**भारत सरकार**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**

**तारांकित प्रश्न संख्या *375**

**दिनांक 20 दिसंबर, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

**मालाबार क्षेत्र में सीजीएचएस केंद्र की स्थापना**

***375. श्री ई. टी. मोहम्मद बशीर:**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को मालाबार क्षेत्र में सीजीएचएस केंद्र स्थापित किए जाने का कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है;
(ख) यदि हां, तो इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जाने का विचार है;
(ग) क्या सरकार की केरल के उत्तरी भाग अर्थात् मलप्पुरम या कालीकट में सीजीएचएस केंद्र स्थापित करने की कोई योजना है; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री**

**(श्री जगत प्रकाश नड्डा)**

(क) से (घ): विवरण सभा के पटल पर रख दिया गया है।

**दिनांक 20 दिसंबर, 2024 के लिए नियत लोक सभा तारांकित प्रश्न सं. *375 के उत्तर में उल्लिखित विवरण**

(क) से (घ): लाभार्थियों को अधिक प्रभावी ढंग से और कुशलतापूर्वक सेवा प्रदान करने के लिए सीजीएचएस अवसंरचना का संवर्धन किया जाना एक सतत प्रक्रिया है। वर्तमान में, मालाबार क्षेत्र में कालीकट (कोझीकोड) और कन्नूर में एक-एक सीजीएचएस औषधालय कार्यशील है जो क्रमश: लगभग 6047 और 2972 सीजीएचएस लाभार्थियों की चिकित्सा आवश्यकताओं को पूरा करते हैं। कुल मिलाकर, इन आरोग्य केन्द्रों से लगभग 9,000 लाभार्थी लाभान्वित होते हैं जो सीजीएचएस औषधालय की उपलब्धता और लाभार्थियों की संख्या के अनुपात में है।

******